पैक्स परियोजना के अंतर्गत ओपन बजट रिसोर्स सेन्टर का शुभारंभ

प्रिय साथियों,

जय भीम ! जय बिरसा मुंडा !!

आप सभी को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारी सामजिक संस्था सत्यकाम जन कल्याण समिति द्वारा बजट रिसोर्स सेन्टर का शुभारंभ दिनांक 06.01.2014 से किया जा रहा है ।

इस बजट रिसोर्स सेन्टर के तहत आम नागरिकों, युवाओं महिलाओं को शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं किन–किन योजनाओं में शासन द्वारा कितना बजट प्राप्त हो रहा है । बजट योजनाओं द्वारा किन–किन वर्गो से लाभ प्राप्त हो रहा है । कौन से प्रपत्र (फार्म) होते हैं एवं कहाँ संपर्क कर योजनाओं का लाभ आम नागरिक कैसे प्राप्त कर सकता है ।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजनाओं में जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप स्वास्थ्य केन्द्र, रोगी कल्याण समिति और तदर्थ समिति में किस प्रकार की सुविधाएँ हैं एवं आम नागरिक स्वास्थ्य बजट का लाभ कैसे प्राप्त करेंगे । जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यकम, ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस, की जानकारी एवं मिलने वाली लाभ एवं सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं । मध्यप्रदेश शासन की समस्त योजनाओं में कुल बजट कितना आता है, किस तरह से आवंटित होता है, अनुसूचित जाति उपयोजना, अनुसूचित जाति उप योजना के बजट के बारे में जानकारी एवं आय–व्यय की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं । जानकारी प्राप्त करने हेतु जिले में समुदाय विस्तृत रूप से एक बजट बाच ग्रुप (बजट निगरानी समूह), तैयार किया जा रहा है जो इस रिसोर्स सेन्टर के माध्यम उक्त कार्य को करने में सहायक सिद्ध होगा । आम लोगो को इस रिसोर्स सेन्टर से योजनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी, सामाजिक संगठन, युवा संगठन, महिला संगठन, शासकीय योजनाओं व बजट पर निगरानी करने में सहायक हो सकेंगे । इन्ही उद्देश्यों को नजर में रखते हुये बजट रिसोर्स सेन्टर का शुभारंभ दिनांक 06.01.2014 को स्थानीय सत्यकाम जनकल्याण समिति जिला छिंदवाड़ा के आफिस विशु नगर कालोनी परासिया रोड छिंदवाड़ा में पैक्स परियोजना अंतर्गत ओपन बजट (अनुसूचित जाति उप योजना एवं अनुसूचित जनजाति उपयोजना) एन.सी.डी.एच.आर. दिल्ली के नेशनल कोआर्डिनेटर श्री प्रशांत रेमस के द्वारा रिसोर्स सेन्टर का शुभारंभ किया जायेगा ।

<u>रिसोर्स सेन्टर में उपलब्ध जानकारी</u> –

1. आगे आओ लाभ पाओ मध्यप्रदेश शासन की जानकारी ।
2. बजट सार , बजट बोध पुस्तक ।
3. बजट वॉच इन्कक्लूजन (त्रैमासिक न्यूज लेजर) ।
4. एस.सी.पी, टी.एस.सी. कानून की जानकारी एवं पुस्तकें ।
5. एन.आर.एच.एम. गाइड लाइन के अनुसार स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी
6. वित्त मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन द्वारा बजट साहित्य ।
7. मध्यप्रदेश शासन के अन्य विभागों की वार्षिक रिपोर्ट ।
8. बजट संबंधी प्रकाशित पत्र पत्रिकायें एवं समाचार पत्र।

सहयोग – स्वाधिकार NCDHR दिल्ली

आयोजक संस्था – **सत्यकाम जन कल्याण समिति, छिंदवाड़ा**

संपर्क पता – विशु नगर कालोनी, एल.आई.सी. आफिस के सामने,
परासिया रोड, छिंदवाडा मो. – 08989595965, 09303576391, 08989113762